हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 मई 2024, समय 1305

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार और ओडिसा की पांच-पांच, झारखंड की तीन, जम्मू कश्मीर और लद्दाख की एक -एक सीट पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिए प्रचार चरम पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता देश के विभिन्न हिस्सों में जनसभाएं कर रहे हैं।

श्री नरेन्द्र मोदी आज हरियाणा में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में दो रैलियां करेंगे। वे अंबाला में और सोनीपत के गोहाना में रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए अंबाला और सोनीपत में धारा-144 लगा दी गई है और सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतनलाल कटारिया की पत्नी बंटो कटारिया अंबाला में भाजपा उम्मीदवार हैं जबकि मोहनलाल बडोली सोनीपत से चुनाव लड रहे हैं। हरियाणा में 25 मई को वोट डाले जाएंगे।

....

हाल ही में जापान के एक मीडिया चैनल ने हरियाणा का दौरा किया और यहां पर राज्य अपराध शाखा की मानव तस्करी रोधी सेल (एएचटीयू) द्वारा लापता बच्चों तथा महिलाओं को अपने परिवार से मिलवाने के लिए की जा रही कार्यप्रणाली को देखा। जापान के इस मीडिया चैनल द्वारा हरियाणा पुलिस द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित कवरेज की गई जिसका दुनिया भर के देशों में प्रसारण किया गया। इससे हरियाणा पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने इसके लिए राज्य अपराध शाखा की एएचटीयू को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों की पहचान करते हुए उन्हें अपने परिजनों से मिलवाने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा 1 जनवरी 2024 से लेकर 30 अप्रैल 2024 तक एएचटीयू तथा जिला पुलिस के संयुक्त प्रयासो से 18 वर्ष से कम आयु के लापता 790 किशोर तथा किशोरियों, 18 वर्ष से अधिक आयु के 3,489 युवक व युवतियों, 433 भिखारियों, 273 बंधुआ मजदूरी करने वाले बच्चों को मुक्त किया गया है।

....

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज द्वारा संचालित दो वर्षीय डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन लैंग्वेज तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-2025 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने और आवेदन जमा करवाने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों- दो वर्षीय डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन लैंग्वेज तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन में सत्र 2024-2025 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 3 जून 2024 तक दाखिला आवेदन जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता, सीटों की संख्या, फीस तथा अन्य जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

....

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का फार्मास्यूटिकल विज्ञान विभाग आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में- इनोवेटिव टैक्नोलोजीस इन डिजिटल एज विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है ।

विभाग के अध्यक्ष एवं इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के कंवीनर प्रो. हरीश दूरेजा ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

....

नूंह जिले के तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिस में नौ लोग जिंदा जल गए जबकि दो दर्जन से अधिक बुरी तरह झुलस गए जिन्हें अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

....

Weather

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भाग में भीषण गर्मी की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में मंगलवार तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने का अनुमान है। देश के पूर्वी और मध्य हिस्सों में भी आज से यही स्थिति बनी रहेगी। विभाग के अनुसार, देश के दक्षिणी भागों में इस महीने की 23 तारीख से छिटपुट से तेज वर्षा का अनुमान है।

....